# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर 20 नवंबर को होनेवाले मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है।एनडीए और इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस चरण में चुनाव प्रचार के लिए आज को छोड़कर दो दिन का समय शेष है। ऐसे में संथाल और कोयलांचल का रण जीतने के लिए दोनों ही गठबंधनों के नेता धुंआधार प्रचार कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आज दो चुनावी जनसभाएं हैं। श्री शाह ने पहली सभा में आज दुमका में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कई आरोप लगाया।

*****************

श्री शाह अब से थोड़ी देर बाद देवघर और धनवार में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

*****************

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी जामताड़ा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हेमन्त सोरेन सरकार पर झूठा वायदा करने का आरोप लगाया।

*****************

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और चंपाई सोरेन भी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती भी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में दुमका और जामताड़ा में रैलियां करेंगे।

*****************

उधर इंडी गठबंधन ने भी दूसरे चरण के चुनाव को लेकर प्रचार तेज़ कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज जामताड़ा और रांची के ओरमांझी में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन के अन्य नेता भी चुनाव प्रचार में अपना दम दिखा रहे हैं।

*****************

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव गोड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन आजसू और वाम दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न भागों में रैलियां और रोड शो करेंगे।

*****************

माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा है कि झारखंड में आज तक जितनी सरकारें रहीं, सभी गरीबों को ठगने का काम किया है। उन्होंने दुमका में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए पेसा कानून बनाया गया, मगर झारखंड में 16 वर्षों तक राज करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कानून की रक्षा नहीं की। श्रीमती करात ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की गठबंधन सरकार ने भी अपने कार्यकाल में जमकर खनिज संसाधनों का दोहन किया और सबसे गरीब पहाड़िया जनजाति की किसी सरकार ने सुधि नहीं ली।

*****************

दो हजार चौबीस के महासंग्राम में जीत का समीकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी दल सक्रिय हैं। गिरिडीह जिले के धनवार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी को समर्थन देने की घोषणा की है। इससे पहले आज प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा निरंजन राय को मनाने आज उनके आवास पर पहुंचे।

*****************

राज्य में ठंड के और बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान गढ़वा में न्यूनतम तापमान बारह दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जो राज्य में सबसे कम रहा। रांची, चाईबासा, डालटनगंज और बोकारो में भी न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया है। आगामी 21 नवंबर तक सवेरे के समय कुहासे की स्थिति रह सकती है, जबकि मौसम शुष्क बना रहेगा।

*******समाप्त*******